# टोबैको रिटेल लाइसेंसिंग पर अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

1 जनवरी, 2022 से, Oregon में कोई भी रिटेलर, जो तंबाकू या इन्हैलेंट डेलिवरी सिस्टम (IDS) वाले उत्पाद बेचता है, जिसे ई-सिगरेट या वेपिंग उत्पाद भी कहा जाता है, के पास लाइसेंस होना चाहिए। राज्य तब यह कर सकता है:

- ट्रैक कर सकता है कि व्यापारिक तम्बाकू कहां बेचा जाता है*
- तंबाकू बिक्री कानून लागू कर सकता है
- खुदरा मालि को और कर्मचारियों को शिक्षा और प्रशिक्षण क्ण में सहायता कर सकता है।

## पृष्ठभूमि

### मुझे तम्बाकू बेचने के लिए लाइसेंस की जरूरत क्यों है?

Oregon में बच्चों के लिए तम्बाकू और वेपिंग उत्पाद प्राप्त करना बहुत आसान है। 2023 में, Oregon हेल्थ अथॉरिटी (OHA) की समीक्षा में चार तंबाकू रिटेलरों में से एक ने 21 वर्ष से कम उम्र के लोगों को तंबाकू उत्पाद बेचे। यह कानून के विरुद्ध है। अन्य प्रांतों और स्थानीय क्षेत्रों को टोबैको रिटेल लाइसेंसिंग में सफलता मिली है। इससे यह सुनिश्चित करने में मदद मिलती है कि रिटेलर तंबाकू बिक्री के लिए कानूनों और नियमों का पालन करेंगे।

* इस दस्तावेज़ में "तंबाकू" का अर्थ व्यापारिक तंबाकू उत्पाद हैं। ये पारंपरिक तंबाकू या अन्य पौधों के मिश्रण से भिन्न हैं जिनका इस्तेमाल अमेरिकी इंडियन और अलास्का के मूल निवासी उत्सवों और आध्यात्मिक उद्देश्यों के लिए करते हैं।

Oregon Health Authority

## "टोबैको रिटेलर" कौन होते हैं?

जो कोई भी उपभोक्ताओं को सीधे तम्बाकू या IDS उत्पाद बेचता है वह तम्बाकू खुदरा विक्रेता होता है। जिन लोगों के पास तम्बाकू बेचने के लिए तम्बाकू खुदरा लाइसेंस होना चाहिए उनमें शामिल हैं:

- खुदरा स्टोर
- सिगार और हुक्का लाउंज
- वेप शॉप
- बार्स

यह कानून इन पर लागू **नहीं** होता है:

- जनजातीय भूमि पर खुदरा विक्रेता
- Oregon लिकर एंड कैनाबिस कमिशन (OLCC)- लाइसेंसप्राप्त मैरिजुआना रिटेलर्स
- OHA-लाइसेंस प्राप्त मारिजुआना डिस्पेंसरीज जो निकोटीन युक्त IDS उत्पाद नहीं बेचती हैं।

कुछ काउंटियों में रिटेलर्स अपने टोबैको रिटेल लाइसेंस प्रॉग्राम के तहत काम करना जारी रखेंगे।

# टोबैको रिटेल लाइसेंस प्राप्त करना

## मुझे लाइसेंस कैसे मिलेगा?

लाइसेंस के लिए आवेदन करने के लिए, डिपार्टमेंट ऑफ़ रिवेन्यूज के टोबैको रिटेल लाइसेंस वेब पेज पर जाएं।

अगर आपके पास एक से अधिक स्थान हैं, तो आपको हरेक के लिए एक खरीदना होगा।

## लाइसेंस की लागत कितनी है और इसमें क्या शामिल है?

वार्षिक शुल्क $953.00 है। फ़ीस प्रोग्राम की वास्तविक लागत को कवर करता है। इसमें शामिल है:

- मजबूत और अधिक निरंतर प्रवर्तन, और
- रिटेलर एजुकेशन।

## अगर मुझे लाइसेंस के लिए आवेदन करने में सहायता की जरूरत हो, तो मैं किससे संपर्क करूं?

Oregon डिपार्टमेंट ऑफ़ रिवेन्यू (DOR) से यहां संपर्क करें: TRL.help@dor.oregon.gov

## मुझे कितनी बार लाइसेंस रिन्यू करना होता है?

प्रत्येक वर्ष जारी किए जाने की तिथि से। DOR आपकी रिन्युअल तिथि से पहले आपको एक पत्र भेजेगा।

## अगर मैं अपना व्यवसाय बेचता हूं, तो क्या मेरा लाइसेंस नए मालिक के पास जा सकता है?

नहीं, लाइसेंस एक व्यवसाय से दूसरे व्यवसाय में नहीं जा सकता। नए व्यवसाय मालिक को नए लाइसेंस के लिए आवेदन करना होगा।

## अगर मैं अपना व्यवसाय किसी नए स्थान पर ले जाऊं तो क्या मेरा लाइसेंस मेरे साथ जा सकता है?

लाइसेंस एक व्यवसाय से दूसरे व्यवसाय में नहीं जा सकता। आपको नए लाइसेंस के लिए आवेदन करना होगा।

# अनुपालन और प्रवर्तन

## अनुपालन में बने रहने के लिए मुझे क्या करना होता है?

तंबाकू बिक्री कानूनों, नियमों और टोबैको रिटेल लाइसेंस की जरूरतों के बारे में जानकारी रिटेलर्स के लिए टोबैको रिटेल लाइसेंस ट्रेनिंग मैन्युअल में है। यह मैनुअल www.healthoregon.org/tobaccoretailsales पर पाया जा सकता है।

## प्रवर्तन क्या है और इसे कौन करता है?

DOR, टोबैको रिटेल लाइसेंस की जरूरत को लागू करेगा।

OHA या पब्लिक हेल्थ अथॉरिटी प्रति वर्ष दो निरीक्षण करेगा:

- यह सुनिश्चित करने के लिए कि रिटेलर 21 वर्ष से कम उम्र के लोगों को न बेच रहे हों
- यह सुनिश्चित करने के लिए कि रिटेलर सभी टोबैको रिटेल सेल्स कानूनों का अनुपालन करते हों

## अगर मैं निरीक्षण में पास नहीं हुआ तो क्या होगा?

विजिट करें www.healthoregon.org/tobaccoretailsales। टोबैको रिटेल सेल्स कानूनों का अनुपालन करने में विफलता की जानकारी के लिए DOR की टेबल और OHA पेनल्टीज के लिए "रिटेलर्स" पेज पर जाएं। जब कोई उल्लंघन होता है तो जुर्माना **स्टोर मालिकों** पर लगाया जाता है – न कि स्टोर क्लर्कों या युवाओं के ऊपर।

## क्या जुर्माने के लिए कोई अपील प्रक्रिया है?

हां। अगर आपको सर्टिफ़ाइड मेल द्वारा सिविल पेनल्टी लगाने की मंशा का नोटिस मिलता है, तो आप सुनवाई की मांग कर सकते हैं। आपको नोटिस की तारीख से 21 दिनों के भीतर अपना लिखित अनुरोध OHA के पास दाखिल करना होगा।

## अगर कोई काउंटी या सिटी प्रोग्राम है, तो क्या मैं उसका पालन करूंगा या प्रांत का?

कुछ काउंटियों और सिटीज के पास अपने स्वयं के टोबैको रिटेल लाइसेंस प्रोग्राम्स हैं। यह पता लगाने के लिए कि आपके एरिया में टोबैको रिटेल लाइसेंसेज कौन जारी करता है, Oregon डिपार्टमेंट ऑफ़ रिवेन्यू के राज्यवार टोबैको रिटेल लाइसेंज की वेबसाइट पर जाएं।

# हिस्सेदारी

## प्रांत यह कैसे सुनिश्चित करेगा कि प्रवर्तन न्यायसंगत हो?

**रिटेलर्स ऑफ़ कलर:** लाइसेंस फ़ीस से प्राप्त राजस्व OHA को टोबैको रिटेल सेल्स कानूनों को लागू करने की अनुमति देता है। इसका मतलब है कि लॉ एंफ़ोर्समेंट की बजाए पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट्स, शिक्षा देने और अनुपालन जांच करने के लिए व्यवसायों का दौरा करते हैं। न्यायसंगत प्रवर्तन सुनिश्चित करने के लिए, OHA इंस्पेक्टर्स पब्लिक हेल्थ और रेसियल इक्विटी संगठन द्वारा बनाई गई राष्ट्रीय सिफारिशों का पालन करते हैं। इसमें शामिल है:

- यह मूल्यांकन करना कि क्या कानून प्रभावी रूप से युवाओं को बिक्री में कमी लाता है
- यह सुनिश्चित करना कि प्रवर्तन प्रथाएं तंबाकू उद्योग द्वारा लक्षित समुदायों को गलत तरीके से टार्गेट न करें

**युथ एंड कम्युनिटीज ऑफ़ कलर (Youth and communities of color):** टोबैको रिटेल लाइसेंस ने तंबाकू उत्पाद खरीदने, उपयोग करने और रखने वाले युवाओं के लिए दंड हटा दिया। इससे युथ ऑफ़ कलर (youth of color) और पुलिस के बीच संपर्क कम करने में मदद मिलती है। कानून उन स्थानों पर जिम्मेदारी – और जुर्माना – लगाता है जो युवाओं को अवैध रूप से तंबाकू बेचते हैं। यह कानून तम्बाकू उद्योग द्वारा सर्वाधिक लक्षित समुदायों को युवाओं व परिवारों की रक्षा करने वाली नीतियों को आगे बढ़ाने के लिए भी सक्षम बनाता है, जैसे कि फ्लेवर्ड टोबैको प्रॉडक्ट्स पर प्रतिबंध।

## अगर मेरे पास और प्रश्न हों तो मैं किससे संपर्क करूं?

OHA अनुपालन निरीक्षण तथा प्रवर्तन से जुड़े प्रश्नों के लिए:

Tobacco.Inspections@odhsoha.oregon.gov

971-673-2283

www.healthoregon.org/tobaccoretailsales

DOR अनुपालन निरीक्षण तथा प्रवर्तन से जुड़े प्रश्नों के लिए:

TRL.help@dor.oregon.gov

503-945-8120

www.oregon.gov/dor/programs/businesses/Pages/Statewide-Tobacco-Retail-License.aspx

आप इस दस्तावेज़ को अन्य भाषाओं, बड़े प्रिंट, ब्रेल या अपने पसंदीदा फार्मेट में निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। टोबैको रिटेल लाइसेंस प्रोग्राम से Tobacco.Inspections@odhsoha.oregon.gov या 971-673-2283 से संपर्क करें। हम सभी रिले कॉल स्वीकार करते हैं।

200-324900 (07/24) Hindi